Regarding need to accord approval for development of Airstrip and Helipad in Anand district, Gujarat- laid

श्री मितेश पटेल **(**बकाभाई**) (**आणंद**) :** मैं अपने संसदीय क्षेत्र आणंद, गुजरात में हवाई पट्टी और हेलीपेड के विकास की आवश्यकता की ओर माननीय नागरिक उड्डयन मंत्री का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूँ । आणंद श्वेत क्रांति की जन्मभूमि तथा भारत रत्न सरदार पटेल की कर्मभूमि है । अमूल यहां प्रतिदिन 3 करोड़ लीटर दूध का संचालन करता है और 36 लाख किसानों से जुड़ा हुआ है । NDDB का मुख्यालय भी यही स्थित है । लगभग 50,000 छात्र यहां शिक्षा प्राप्त करते हैं तथा प्रतिवर्ष 2.5 लाख से अधिक प्रवासी भारतीयों का आवागमन होता रहता है । 40 किमी के दायरे में लगभग 25 लाख की जनसंख्या निवास करती है । यहाँ हवाई पट्टी और हेलीपेड की स्थापना से एयर एम्बुलेंस सेवा को मजबूती, डेयरी निर्यात में तेजी, शैक्षणिक संस्थानों को प्रत्यक्ष संपर्क और भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल की भूमि करमसद में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा । यदि भारत सरकार और नागरिक उड्डयन मंत्रालय हवाई पट्टी और हेलीपेड को मंजूरी प्रदान करते हैं, तो भविष्य में आणंद जिले में पायलट ट्रेनिंग, सिम्युलेटर ट्रेनिंग तथा ड्रोन प्रशिक्षण भी संभव हो सकेगा ।